# सभी को करना चाहिए संविधान का पालन : सुशीला

## संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत कार्यक्रम आयोजित



**करेली, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा स्थानीय दीनदयाल सभागार में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस मनाया गया भारत सरकार द्वारा संविधान को अपनाने की 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व की दृष्टिगत हमारा "संविधान हमारा स्वाभिमान" के तहत कार्यक्रम आयोजित किया ।

कार्यक्रम की शुरुआत में सरस्वती पूजन व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की फोटो पर तिलक माल्यार्पण करके की गई। उसके बाद सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ के द्वारा किया गया। उसके बाद सुशीला ममार ने संविधान दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश समाज की सबसे छोटी इकाई हमारा परिवार होता है हमारे घर को चलाने के लिए भी हम संविधान की तरह कुछ नियम लागू करना पड़ते है देश में हर 25 किलोमीटर के बाद भाषा बोली रहन-सहन बदल जाता है महान पंडितों के द्वारा 3 वर्षों की कड़ी मेहनत के द्वारा संविधान बनाया गया ।

जब देश पर संकट आता है तो देश के संविधान की शरण में जाना पड़ता है इसलिए संविधान का देश में जीवन में महत्व है इसका पालन सभी करना चाहिए उक्त विचार प्रकट किए गए है।

अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात स्व. सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। उसके पश्चात पीएम स्वनिधि के हितग्राही,स्व.सहायता समूह हितग्राही महिलाओं को नगर पालिका परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यालय के कर्मचारी सचिन अग्रवाल द्वारा संविधान दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन गौतम रजक द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन योगेंद्र बाथरी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुशीला ममार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर, उपाध्यक्ष अनीता नेमा,पार्षद ज्योति जैन, ज्योति सोनी, संगीता शैलजा शर्मा, प्रिया भसीन, हेमंत मेहरा, पुरुषोत्तम चौरसिया, अधिकारी/कर्मचारी व स्व.सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्कूलों में छात्रों को प्रार्थना सभा में बताया संविधान का महत्व

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते मंगलवार को संविधान दिवस पर स्कूलों की प्रार्थना सभाओ मे शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को भारतीय संविधान के महत्तव के विषय में बताया। इसके अलावा स्कूलों मे चित्रकला संबंधी प्रतियोगितायें भी आयोजित हुईं। इस अवसर पर संविधान की वीडियो क्लिप भी दिखाई गई।उल्लेखनीय है कि देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला "हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान" आज से शुरू हो गया है।



## विद्यालयीन विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन, संविधान की दी जानकारी

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मनाई गई। स्कूल में प्रार्थना सभा में गोरखपुर प्राचार्य डॉ. एस के पाल ने मुख्य अतिथि के रूप में इस संक्षिप्त कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

शिक्षक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव , वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति नेमा ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रार्थना सभा से पूर्व डॉक्टर पाल ने तीन दिनों से जारी विद्यालयीन विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी का अवलोकन जिला सांख्यिकी अधिकारी जी के नायक, दिलीप अग्निहोत्री, यातायात निरीक्षक ममता तिवारी, दीपक ठाकुर आदि के द्वारा भी किया गया। संविधान की प्रस्तावना कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्रीमती सीमा दीक्षित ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मालती कौछल, रामकुमार पालीवाल, संजय साहू, शिराली श्रीवास्तव, माधुरी गुप्ता, सीताराम मुड़िया, शालिनी जाट, नमिता शुक्ला, अंजू अवधिया, मंजू पटेल, कुंती कतिया, नीता डेहरिया,राजेश पटेल, अकबरी खातून, सरिता विश्वकर्मा, काजल गोस्वामी, राहुल दुबे, पंचम झारिया, शिखा ठाकुर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## सार-समाचार



### गोटेगांव थाना परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** स्थानीय गोटेगांव पुलिस थाना प्रांगण में संविधान दिवस के अवसर पर विशेष अभियान के तहत गोटेगांव पुलिस द्वारा मेरा देश मेरा गर्व एवं कर्म ही पूजा है विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में सीएम राइज विद्यालय एवं अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, वहीं प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने सुंदर-सुंदर चित्र बनाकर प्रस्तुत किए।

**अच्छी पेंटिग थाने में की जावेगी प्रदर्शित** - चित्रकला प्रतियोगिता में जिन स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया उनके द्वारा बनायी गयी अच्छी पेंटिग को जिले के विभिन्न थानों में प्रदर्शित किया जावेगा एवं उन्हे पुरूस्कृत किया जावेगा,इस दौरान गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी,थाना प्रभारी प्रदीप सराफ,एसआई गौरव नेमा,आशीष बोपचे, ऋषिराज रजक,जयवंती कुडापे,एएसआई जेपी धुर्वे,दिनेश उपाध्याय, राजेश जाट,प्रशांत सिंह, नितिन दौहैया,चंद्रप्रकाश पटले,जयनारायण सेन,बृजेश दीक्षित,सुमित सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की तैयारी के लिए किया अवलोकन, जिला शिक्षा केंद्र से एपीसी द्वय ने दिए आवश्यक निर्देश

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस क्षेत्र के साईंखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बाबा टोला एवं शासकीय माध्यमिक शाला गरधा का जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर से एपीसी आनंद शर्मा एवं मनीष चौकसे द्वारा राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की तैयारी की दृष्टि से अवलोकन किया गया एवं जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किए गए। अवलोकन के दौरान उन्होंने गरधा मे 6 वी के विद्यार्थियों को गणित विषय के कठिन बिंदुओं को सरल अवधारणाओं के साथ समझाया। इसके अलावा मॉक टेस्ट के दौरान आये कठिन प्रश्नों को सरलतम तरीके हल कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शासकीय प्राथमिक शाला बोदरी का भी अवलोकन किया गया था। विदित हो कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 4 दिसंबर को चयनित शालाओं मे होना हे इस वजह से उसकी तैयारियां जोर पकड़ती जा रही है। इस अवसर पर बीएसी पवन राजोरिया, सीएसी प्रदीप मालवीय, अपसार खान, बनवारी लाल नागवंशी सहित शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

### सिर्फ एक आधार सेंटर के भरोसे तहसील के नागरिक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में आधार संशोधन के लिए लोग भटक रहे हैं। सिर्फ बैंक ऑफ बरोदा का सेंटर चालू है, इस सेंटर लोगो की भीड़ लग रही हैं। डाकघर की आधार मशीन खराब होने की सूचना कार्यालय में चिपका दी गई है।

बीते करीब एक सप्ताह से मुख्य डाकघर के आधार केंद्र में आधार मशीन तकनीकि खराबी के चलते बंद है जिससे प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग बैंक ऑफ बरोदा आधार सुधार करवाने, नया आधार बनवाने पहुँचने वाले ग्रामीणों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। लोगो की परेशानियों को देखते हुए आधार कार्ड सेंटरो को बढ़ाया जाना चाहिए।

### जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत सोमवार को बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी गाडरवारा में जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नरसिंहपुर जिला के 14 स्कूलों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में बॉलीबाल , बैटमिंटन, शतरंज, एथलेटिक्स, खो-खो, वाद-विवाद , तत्कालिक भाषण, हैंड राइटिंग और स्पेल बी का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल का मन मोह लिया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति जयमाल अध्यक्षा अवनि महिला मंडल एनटीपीसी एवं विशिष्ट अतिथि फादर बाबू अध्यक्ष ने भी अपने भाषण द्वारा विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। इस प्रतियोगिता में सीबीएससी विद्यालय के 12 प्रचार्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई द्य परिणाम घोषित करते हुए यह बताया गया कि स्पोर्ट्स विजेता चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर एवं उपविजेता बालभारती पब्लिक स्कूल गाडरवारा हैद्य जिलास्तरीय खेल का सम्पूर्ण विजेता चाबरा विद्यापीठ एवं उपविजेता बालभारती पब्लिक स्कूल रहा। बालभारती पब्लिक स्कूल के डॉ .अनुराग पांडे ने सभी विद्यालयों के प्रतिभागियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# जिले के संविधान सभा सदस्य कामथ के बारे में बताया



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय संविधान दिवस का आयोजन दलीप कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक मगाखी डेका, सुषमा तिवारी, आरएमएस ठाकुर, एलएल श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। विद्यालय प्राचार्य जीएस पटैल द्वारा अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस की रूपरेखा से अवगत कराते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

संविधान दिवस पर विद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 40 छात्र-छात्राओं एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में 17 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता प्रदान की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम सौम्या विश्वकर्मा 11वी बीई, द्वितीय हिमानी रैकवार 9वीं स एवं तृतीय वंदना साहू 11वी ब एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी कौरव 12वीं अ द्वितीय स्थान वंश रजक 11वीं बीई तृतीय स्थान रोशनी कौरव 12वीं अ ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्था के वरिष्ठ डॉ. अशोक कुमार उदेनिया द्वारा संविधान की विषय-वस्तु से अवगत कराते हुए नरसिंहपुर जिले से संविधान सभा में चुने गये सदस्य हरिविष्णु कामथ के विषय में बताया गया। मंच संचालन बीएन पाण्डेय व आभार प्रदर्शन प्राचार्य जीएस पटैल ने किया।

## नपा ने मनाया संविधान दिवस



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका में संविधान दिवस मनाया गया। माँ सरस्वती की पूजन व भीमराव अम्बेडकर को याद करते हुए नगर के वयोवृद्ध रमाकांत गुप्ता एवं गेदालाल महोविया का सम्मान किया गया।

इस मौके पर एमएमओ नीलम चौहान द्वारा स्वागत एवं प्रस्तावना भाषण दिया गया । नपा अध्यक्ष नीरज महाराज, रमाकांत गुप्ता ने संविधान के महत्व को बताया। आभार प्रदर्शन कार्यालय अधीक्षक रामकुमार नामदेव ने किया । इस अवसर पर अजीत ठाकुर उपाध्यक्ष, पार्षद सुषमा तिवारी ,बबिता जाट ,गुड्डा साहू ,सौरभ ठाकुर ,कपिल रेकवार, सुमित रेकवार, शिशिर जेन ,अभिनव शर्मा ,गौरव नेमा ,प्रतिमा ठाकुर, ए ई पुरसोत्तम बाढ़बुदे, , प्रदीप नगायच ,राजेश पटेल ,संजय शर्मा इत्यादि के अलावा कर्मचारी अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक अधिकारी उपस्थित रहे।



## संविधान दिवस पर व्याख्यानमाला आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** एम.आई.एम.टी. लॉ कॉलेज में संविधान दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। आयोजन संस्था के चेयरमेन इंजी. रूद्रेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता, आलोक तिवारी विभागाध्यक्ष विधि विभाग एवं जितेन्द्र ठाकुर प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इंजी. रूद्रेश तिवारी व प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग एवं विभागाध्यक्ष आलोक तिवारी ने विचार रखे । संविधान दिवस का ऐतिहासिक परिदृश्य एवं उपयोगिता विषय पर सहा. प्राध्यापक द्वय आनन्द गुप्ता एवं प्रदीप पुरोहित एडव्होकेट द्वारा व्याख्यान दिया। छात्र प्रतिनिधियों की ओर से शिल्पी पारासर बी.ए.एलएल.बी तृतीय सेम. एवं सोनल साधवानी एलएल.बी. प्रथम सेम. द्वारा विचार व्यक्त किये गये। संचालन एवं आभार प्रदर्शन सुश्री विजेता सिधना सहा. प्राध्यापक ने किया।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**गाडरवारा, देशबन्धु।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा मंगलवार को शक्ति धाम पलोटन गंज मे धरना देकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के नाम एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस थाना गाडरवारा को ज्ञापन सौंपा। उक्तावसर पर मप्र किसान सभा और संयुक्त किसान मोर्चे के दो अलग अलग ज्ञापन सौपे गए। जिनमे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की अनेक मांगो का उल्लेख है।

इस अवसर पर जगदीश पटेल, शेर सिंह राजपूत, देवेंद्र वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सुमेंर सिंह राजपूत, नरेंद्र वर्मा, लाल साहब वर्मा, लीलाधर वर्मा, प्रमोद शाह, वटी गॉड, राजाराम गौड़, गोपाल मेहरा, मोहनलाल बट्टी, यदुराज वर्मा, संतोष ठाकुर, रामनारायण।पटेल, सहित अनेक कृषकगण उपस्थित रहे।

## शिविर में दी डिजिटल लेन-देन की जानकारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद गाडरवारा द्वारा स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री वैभव देशमुख के निर्देशन में सिटी मिशन मैनेजर शुभांशु साहू राजा करकड़े सामुदायिक संगठक मेघा गुप्ता द्वारा पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लम्बित ऋण को बैंक से समन्वय कर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

आज सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ द्वारा नगर पालिका में आयोजित कैंप में पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित कराया जा रहा है साथ ही साथ डिजिटल लेन देन के बारे में जानकारी या डिजिटल भुगतान से जोड़ा जा रहा है। पीएम स्वनिधि के लाभार्थियो की सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग शिविर लगा कर और घर-घर जाकर की जा रही है और 8 जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक (रोज़गार व सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम खाद्य सुरक्षा अधिनियम, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पंजीकरण शामिल हैं। सीएमएम और सी ओ द्वारा सभी पथ विक्रेताओ से अपील की गई है की सभी पथ विक्रेताओं से शिविर में आकर प्रोफाइलिंग करा ले जिससे उनको आगे भी लाभ मिल सके।

## छात्र युवम सिंह रहा प्रथम



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सीबीएसई, सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के द्वारा नरसिंहपुर जिले स्पेल बी के लिखित कामप्टीशन गाडरवारा सेंटर में किया गया। इस प्रतियोगिता में परीक्षा में छात्र युवम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। युवम सिंह एडवोकेट जितेन्द्र सिंह व चावरा स्कूल में शिक्षिका श्रीमती मुक्तेश्वरी सिंह के सुपुत्र व चौधरी जोगेंद्र सिंह एडवोकेट के नाती हैं। छात्र की उपलब्धि पर शैक्षणिक संस्थाओं ने खुशी जाहिर की है।

## नपा ने मनाया स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा



**करेली, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद द्वारा स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के निर्देशन में सामुदायिक संगठक आरती दुबे,सामुदायिक संगठक हेमंत पांडे के द्वारा पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लम्बित ऋण को बैंक से समन्वय कर पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित कराया जा रहा है साथ ही साथ डिजिटल लेन देन के बारे में जानकारी या डिजिटल भुगतान से जोड़ा जा रहा है। पीएम स्वनिधि के लाभार्थियो की सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग शिविर लगा कर और घर-घर जाकर की जा रही है और 8 जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है

इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक रोज़गार व सेवा की शर्तों का विनियमन अधिनियम बीओसीडब्लू खाद्य सुरक्षा अधिनियम एनएफएसए एक राष्ट्र एक राशन कार्ड ओएनओआरसी

जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पीएमएमवीवाय के तहत पंजीकरण शामिल हैं। सामुदायिक संगठक आरती दुबे,हेमंत पाण्डे के द्वारा सभी पीएम स्वनिधि के अंतर्गत पंजीकृत सभी पथ विक्रेताओं से शिविर में आकर प्रोफाइलिंग करा ले जिससे उनको आगे भी लाभ मिल सके।

## सहोदया खेल प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैम्पियन बना चावरा विद्यापीठ



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के सी.बी.एस.ई. स्कूल का संगठन सहोदया का वार्षिक जिला स्तरीय खेल व साहित्यक प्रतियोगिता का आयोजन गाडरवारा एन.टी.पी.सी. स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में किया गया।सहोदया संगठन के अध्यक्ष चावरा विद्यापीठ प्राचार्य बाबूजॉन एवं सचिव काबरा स्कूल गाडरवारा की प्राचार्य हंसारिका सिंह ने बताया कि जिले की सभी सी.बी.एस.ई स्कूल ने व्हालीवॉल, चेस, एथलेटिक्स, खो-खो, डिबेट, त्वरित भाषण, स्पेल बी, ड्राइंग, हेण्डराइटिंग आदि विभिन्न विधाओं में भाग लिया। बाल भारती स्कूल एन.टी.पी.सी. स्कूल प्राचार्य अनुराग ने प्रतियोगिता मेंअंतिम दिन ओवर आॅल चैम्पियनशिप चावरा विद्यापीठ नरसिहपुर को प्रदान की।चावरा विद्यापीठ ने सभी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑलचैम्पियनशिप अपने नाम की। इस अवसरपरसभीस्कूलों के प्रतिभागी, खेल षिक्षक, संगठन अध्यक्ष फॉदर बाबूजॉन, सचिव हंसारिका सिंह, कोषाध्यक्ष शीतल परिहार, विनोदनेमा, अरूण के, विजय श्रीविश्वकर्मा, अनीष पी.एन. एवं शबनम खान उपस्थित रहे। पुरूष्कार वितरण के पश्चात आभार प्रदर्शन बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्रीअनुराग ने किया ।

### नाम सुधार सूचना

मैं जीतेन्द्र पाली आत्मज झिरिसन पाली उम्र 40 वर्ष निवासी चीचली तह. गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस न. MP49/000522/05 में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार व पिता का नाम झरी साहू दर्ज है। जो गलत है तथा मेरा सही नाम जीतेन्द्र पाली व पिता का नाम झिरिसन पाली है जो मेरे आधार व पेन कार्ड में दर्ज है। मुझे जीतेन्द्र पाली आ. झिरिसन पाली के नाम से ही जाना पहचाना वह यही नाम पढ़ा लिखा जावे।

- जीतेन्द्र पाली -


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए